# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.08.2022


मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व / निर्देशन पर प्रतिदिन की भांति जनपदीय पुलिस के समस्त कार्यालयों/थानों में जनसुनवाई का आयोजन कर जनसामान्य की समस्याओं को किया गया निस्तारित -

आज दिनांक 17.08.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम मौजूद रहे।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के सभी कार्यालयों/थानों में सम्बन्धित प्रभारी द्वारा प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई का आयोजन किया गया, इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया व प्राप्त शिकायतों का शीघ्र/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कुलपहाड़ पुलिसटीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शस्त्र निर्माण/बिक्री व अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दृष्टिगत दिनांक 17.08.2022 को प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 विनोद कुमार सिंह द्वारा 01 नफर अभियुक्त गंगाचरण राजपूत पुत्र शिवप्रसाद राजपूत उम्र करीब 22 वर्ष को मय 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर नाजायज के साथ जैतपुर अजनर मुख्य मार्ग गौरा बाबा पुल के पास से हिरासत पुलिस में लिया गया । जिसके विरूद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 206/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया । आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

### गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1.उ0नि0 श्री विनोद कुमार सिंह चौकी प्रभारी बेलाताल कुलपहाड़ महोबा
2.कां0 मुकेश कुमार 3.कां0 विकाश कुमार
4.हे0कां0 राजकुमार सिंह थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

गंगाचरण राजपूत पुत्र शिवप्रसाद राजपूत उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम बुधौरा थाना कुलपहाड जनपद महोबा

### बरामदगी-

01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर नाजायज



## थाना कुलपहाड़ पुलिसटीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के दृष्टिगत दिनांक 17.08.2022 को प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 मनोज कुमार तिवारी ने मय हमराही की मदद से माननीय कोर्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट कुलपहाड़ के परिवाद सं0 514/2018 धारा 323/504/506 आईपीसी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा से सम्बन्धित अभि0 अर्जुन सिंह राजपूत पुत्र शंकरलाल राजपूत उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम बागौल थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को ग्राम बागौल थाना कुलपहाड जिला महोबा से गिरफ्तार कर सक्षम माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

अर्जुन सिंह राजपूत पुत्र शंकरलाल राजपूत उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम बागौल थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:-

1. उ0नि0 मनोज कुमार तिवारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा
2. कां0 जितेन्द्र कुमार थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.08.2022

मीडिया सेल, महोबा

## "आजादी के अमृत महोत्सव" के अवसर पर कार्यालय पुलिस अधीक्षक महोबा से आपात सेवा-112 पीआरवी वाहनों द्वारा किया गया तिरंगा मार्च पास्ट-

शासन की मंशा के अनुरुप हमारे देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ को "आजादी के अमृत महोत्सव" के रुप में मनाया जा रहा है, जिसके क्रम में दिनांक 11.08.2022 से प्रतिदिन देशभक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 17.08.22 को कार्यालय पुलिस अधीक्षक महोबा से आपात सेवा-112 पीआरवी वाहनों द्वारा तिरंगे के साथ मार्च पास्ट का आयोजन किया गया । मार्च पास्ट का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया । मार्च पास्ट कार्यालय पुलिस अधीक्षक महोबा से प्रारम्भ होकर विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए थाना कुलपहाड़ जाकर समाप्त हुआ।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा , श्री आर0 के0 गौतम, क्षेत्राधिकारी सदर श्री रामप्रवेश राय, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार प्रभारी 112 निरीक्षक श्री शशि कुमार पाण्डेय के साथ-साथ जनपद महोबा की पीआरवी चार पहिया व दो पहिया वाहनों एवं उन पर नियुक्त कर्मचारियों द्वारा हर्षोल्लास से प्रतिभाग किया गया । मार्च पास्ट की समाप्ति पर समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपने प्रेम एवं समर्पण की भावना प्रकट की गई तथा आम जनता को भी इसके लिए प्रेरित किया गया।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना अजनर पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोंकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 17.08.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर श्री लाखन सिंह गठित पुलिस टीम उ.नि. दिनेश कुमार यादव द्वारा मननीय न्यायालय श्रीमान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं. 02, विशेष न्यायाधीश एससीएसटी जनपद महोबा से सम्बन्धित परिवाद संख्या 46/2020 धारा 452/323/504 भादवि व 3(1)ध व 3(2)5क एससी / एसटी एक्ट का वारण्टी अभियुक्त मुसद्दी यादव पुत्र लाखन यादव उम्र करीब 50 बर्ष निवासी ग्राम कैथोरा थाना अजनर जनपद महोबा को ग्राम कैथोरा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिसटीम-

1. उ.नि. दिनेश कुमार यादव थाना अजनर जनपद महोबा।
2. हे.कां.वेदप्रकाश थाना अजनर जनपद महोबा।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

मुसद्दी यादव पुत्र लाखन यादव उम्र करीब 50 बर्ष निवासी ग्राम कैथोरा थाना अजनर जनपद महोबा

### अपराध विवरण-

परिवाद संख्या 46/2020 धारा 452/323/504 भादवि व 3(1)ध व 3(2)5क एससी / एसटी एक्ट



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा


## थाना चरखारी की संयुक्त पुलिसटीम ने जुआ खेल रहे 07 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-


पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 17.08.2022 अवैध जुआ में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक श्री बीरेन्द्र कुमार शुक्ला के द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया।

जिसमें वरि.उ.नि.अरविन्द कुमार उपाध्याय द्वारा 04 नफर अभियुक्तगण 1. विपिन पुत्र कमलेश खंगार उम्र 20 वर्ष 2.देवपाल पुत्र नन्दराम पाल उम्र 32 वर्ष 3. दीपक कुमार S/O काशीप्रसाद उम्र 26 वर्ष 4. मुन्ना S/O भरतलाल पाल उम्र 22 वर्ष निवासीगण ग्राम अस्थौन थाना चरखारी महोबा को ग्राम अस्थौन से गिरफ्तार किया गया तथा मौके से मालफड़ 1600 रू0 व 52 अदद ताश के पत्ते व जामातलाशी 800 रू0 बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु.अ.सं. 243/22 धारा 13 जुआ अधि0 पंजीकृत किया गया।

जिसमें उ.नि. प्रवीण कुमार सिंह द्वारा 03 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1. जाकिर सौदागर पुत्र जुम्मन सौदागर उम्र करीब 42 वर्ष 2. रहीम खान पुत्र छुट्टन खान उम्र करीब 46 वर्ष 3. अरुण कुमार पुत्र लालता प्रसाद उम्र 22 वर्ष को मुहल्ला मडवासन कस्बा चरखारी से गिरफ्तार किया गया तथा मौके से मालफड़ व जामातलाशी से 710 रू0 व 52 अदद ताश के पत्ते बरामद हुये। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु.अ.सं. 244/22 धारा 13 जुआ अधि0 पंजीकृत किया गया।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिसटीमः-

1.वरि.उ.नि. अरविन्द कुमार उपाध्याय 2.उ.नि. प्रवीण कुमार सिंह 3.का.शोयब खान 4.का.अखिलेश 5.का.बलजीत सिंह 6.का.नितिन 7.का.जयदीप पटेल 8.का.चन्दन पांचाल 9.का.विनोद कुमार 10. का.विशाल जायसवाल 11.का.हिमांशु कुमार थाना चरखारी जनपद महोबा





## बैण्ड वादन/ संगीत संध्या के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा "आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम" एवं "स्वतंत्रता सप्ताह कार्यक्रम" का किया गया समापन।

स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर "आजादी का अमृत महोत्सव" कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 17.08.2022 को "स्वतंत्रता सप्ताह कार्यक्रम" के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस लाइन महोबा के परिसर में पुलिसकर्मियों द्वारा राष्ट्रधुनों के वादन/ संगीत संध्या के वादन के साथ "आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम" का समापन किया गया।

"आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम" के समापन के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा कार्यक्रम को सफल तरीके से संपन्न करने में, हर्षोल्लास के साथ सहयोग करने के लिए समस्त अधिकारी/ कर्मचारीगण एवं पुलिस परिवार के सदस्यों के द्वारा किये गए सहयोग/ प्रतिभाग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा बेहतर प्रस्तुति देने वाले बच्चों को नकद पुरस्कार से दिया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम, क्षेत्राधिकारी सदर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेशचन्द्र, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार, प्रतिसार निरीक्षक श्री सैन्यजीत सिंह, व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहार,कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।




आज दिनांक **17.08.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में आगामी त्यौहार,कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा संवेदनशील स्थानों एंव सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गस्त कर अवैध अतिक्रमण को हटाने के संबंध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील। स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर **63** ई-चालान किये गये।






महोबा पुलिस